कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 12.08.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

नशा मुक्त भारत अभियान

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को नशा मुक्त राष्ट्र बनाना है। युवा इस व्यसन से अधिक प्रभावित होते हैं। उन्हें व्यसन के कुप्रभाव से बचाने के लिए एवं लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ0 सुषमा यादव कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे की चंगुल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है। छात्राओं का भी दायित्व है कि समाज के युवा वर्ग को जागरूक करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवसर पर नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नारा लेखन में कु0 जागेश्वरी प्रथम, कु0 दीपिका मिर्चे, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कु0 स्मिता धृतलहरे रही। निबंध प्रतियोगिता में वर्षा खुटेल प्रथम, कु0 दीपिका मिर्चे, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कु0 राजलक्ष्मी सोनी रही। पोस्टर प्रतियोगिता में जैशमी प्रथम, कु0 ज्योति बंजारे, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कु0 भिनेश्वरी सोनवानी रही। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ0 आरती राठौर एवं श्रीमती ज्योति भरणे रहीं। नशा मुक्त भारत अभियान को समर्पित एक पौधा का रोपण कर संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया। श्री विमल यादव एवं विजय चन्द्राकर का विशेष सहयोग रहा।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

नशा मुक्त भारत अभियान